हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
19/1/26	पत्रावली पेश हुइ अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमा उपखण्ड अधिकारी राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। अन्य कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अत पत्रावली साबिक कार्यवाही हेतु दिनांक 16/2/26 को पेश हो	
16/2/26	अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमा ... री राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। ... व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अत ... कार्यवाही हेतु दिनांक 5/3/26 को पेश हो	
5/3/26	... अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमा ... कारी राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। ... कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अत पत्रावली साबिक कार्यवाही हेतु दिनांक 11/3/26 को पेश हो रिपोर्ट TDR प्राप्त।	
11/3/26	वकीलवादी उप० / जवाब पेशकार सरकार प्राप्त / पत्रावली वास्ते बहस दि० 16/3/26 को पेश हो /	
16/3/26	पत्रावली पेश हुइ अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमा उपखण्ड अधिकारी राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। अन्य कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अत पत्रावली साबिक कार्यवाही हेतु दिनांक 17/3/26 को पेश हो	
17/3/26	वकील प्रार्थी उपस्थित बहस प्रार्थना पत्र अंतिम सुनी गयी। वकील प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को संक्षिप्त में दोहराते हुये निवेदन किया कि प्रार्थी की भूमि खाता सं0 नया 57 पुराना 56 वाके ग्राम जाल की झोपडिया , खाता सं0 नया 22 पुराना 22 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 58 पुराना 57 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 42 पुराना 41 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 118 पुराना 57 वाके ग्राम जाल की झोपडिया पटवार मंडल केथुदा भू0 अभिलेख निरि0 बल्लोप तह0 तालेडा में सह खातेदारो के साथ प्रार्थीगण का नाम प्रार्थीगण के पिता की मृत्यु के दोरान नामान्तकरण तस्दीक करते समय प्रार्थीगण सं0 1 लगायत 4 का बोलता नाम छोटया, फूलचन्द, भूली व काली अंकित हो गया। जबकि प्रार्थीगण का वास्तविक नाम छोटया का छोटूलाल गुर्जर, फूलचन्द का रामफूल , भूली का भावना कुमारी, व काली का सीमा गुर्जर है। प्रार्थीगण के आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड,	

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

इत्यादि वास्तविक नाम से बने हुये है। इस कारण से प्रार्थीगण अपना बोलता नाम व अपना राजस्व रिकार्ड में दर्ज नाम छोट्या के स्थान पर छोटू लाल गुर्जर, फूलचन्द के स्थान पर रामफूल, भूली के स्थान पर भावना कुमारी, व काली के स्थान पर सीमा गुर्जर अंकित करवाना चाहते है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि प्रार्थीगण 1 लगायत 4 के नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त करने का आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

पेरोकार सरकार द्वारा दोराने बहस तहसीलदार तालेडा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को दोहराते हुये निवेदन किया कि उक्त भूमि प्रार्थीगण के नाम नामान्तकरण संख्या 6, 160, 161, 162, फोती नामान्तकरण से छोट्या पुत्र प्रभु, फूलन्द पुत्र कालूलाल, भूली, काली पुत्रीयॉ गोरधन जाति गुर्जर साकिन देह खाते दर्ज हुयी। फोती नामान्तकरण के वक्त वर्तमान में दर्ज खातेदारो छोट्या व फूलचन्द के पहचान संबंधी दस्तावेजो के बिना ही ग्राम में प्रचलित व बोलते नाम के आधार पर इन्तकाल खोला गया एवं इसी प्रकार से भूली व काली का नाम शादी से पूर्व ही था किन्तु शादी के बाद इनका नाम ससुराल में क्रमशः भावना व सीमा रखा गया एवं रिकार्ड में लिखवाया गया। प्रार्थीगण के दस्तावेज आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि में प्रार्थीगण छोट्या का नाम छोटूलाल , फूलचन्द का नाम रामफूल, भूली का नाम भावना, काली का नाम सीमा अंकित है। सह खातेदारो द्वारा भी सहमती व्यक्त की गयी है। तहसीलदार द्वारा वक्त विरासत इन्तकाल उनके बिना पहचान दस्तावेज बोलते नाम से दर्ज करने की ताकीद की । रिकार्ड अनुसार प्रार्थीगण के नाम उर्फ लगाकर वास्तविक नाम अंकित किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नही होती है।

बहस उभयपक्ष पर मनन करने, तहसीलदार तालेडा की रिपोर्ट एवं पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुचे है कि प्रार्थीगण का नाम फोती नामान्तकरण में दर्ज करते समय गांव में बोलते नाम के आधार पर बिना पहचान दस्तावेज परीक्षण दर्ज कर किये गये। जिन्हे संशोधित किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाकर तहसीलदार तालेडा को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थना पत्र में वर्णित आराजी भूमि खाता सं0 नया 57 पुराना 56 वाके ग्राम जाल की झोपडिया , खाता सं0 नया 22 पुराना 22 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 58 पुराना 57 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 42 पुराना 41 वाके ग्राम जाल की झोपडिया, खाता सं0 नया 118 पुराना 57 वाके ग्राम जाल की झोपडिया पटवार मंडल केथुदा भू0 अभिलेख निरि0 बल्लोप तह0 तालेडा में प्रार्थीगण का नाम तहसीलदार तालेडा की रिपोर्ट एवं पहचान दस्तावेज के आधार पर छोट्या के स्थान पर छोट्या उर्फ छोटूलाल आत्मज प्रभु, फूलचन्द के स्थान पर फूलचन्द उर्फ रामफूल आत्मज कालूलाल, भूली के स्थान पर भूली उर्फ भावना कुमारी पुत्री गोरधन, एवं काली के स्थान पर काली उर्फ सीमा गुर्जर पुत्री गोरधन संशोधित किया जावे। शेष इन्द्राज बदस्तूर यथावत रहेगें। निर्णय की प्रति तहसीलदार तालेडा को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तामिल तकमील दाखिल दफ्तर हो।